मौसम का मिजाज : कश्मीर में मौसम की पहली बर्फबारी, ठंड बढ़ी

श्रीनगर। कश्मीर के गुलमर्ग और सोनमर्ग के पहाड़ों पर बुधवार को मौसम की पहली बर्फ गिरी जबकि मैदानी इलाकों में वर्षा हुई जिसके कारण पारा 10 डिग्री तक गिर गया।

मौसम विभाग के अधिकारी ने कहा कि कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों गुलमर्ग और सोनमर्ग में बुधवार देर रात बर्फबारी हुई जबकि शहर और मैदानी इलाकों में बारिश हुई। मैदानी इलाकों में बारिश होने से शहर में दिन का तापमान गिर गया। वहीं, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने के बाद मुगल रोड को बुधवार को वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया गया।

कश्मीर के गुलमर्ग में बुधवार को पहली बर्फबारी के बाद सड़क पर बिछी बर्फ की चादर। •प्रेट्र

माकपा से जुड़े छात्रों की याचिका खारिज

कोझिकोड। अदालत ने यहां गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार किए गए माकपा से जुड़े दो छात्र कार्यकर्ताओं की जमानत याचिका बुधवार को खारिज कर दी।

2 नवंबर को माकपा के छात्र कार्यकर्ताओं ताहा फज्जल और अलान शुहैब को कथित रूप से माओवादियों से सहानुभूति रखने और उनके कुछ पर्चे और सामग्री वितरित करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। दोनों को गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दबोचा गया। छात्रों की आयु लगभग 20 वर्ष है। छात्रों के वकील ने बताया कि प्रथम सत्र अदालत ने जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं।

आईना

हनीट्रैप में फंसा सेना का जवान

जयपुर। पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई की महिला एजेंट के झांसे में आकर सेना से जुड़ी सूचनाएं लीक करने के आरोप में पुलिस ने सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया है। खुफिया विभाग के सूत्रों ने बताया कि पोकरण में तैनात जवान विचित्र बेहरा की गतिविधियां संदिग्ध मिलने पर सीआईडी इंटेलिजेंस उस पर नजर रख रही थी। इस दौरान पता चला कि विचित्र बेहरा पाकिस्तानी एजेंट से फेसबुक और व्हाट्सएप के माध्यम से निरंतर संपर्क में है और सूचनाएं साझा कर रहा है। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तारी में विचित्र बेहरा के इन सूचनाओं के एवज में पाकिस्तानी एजेंट से धनराशि मांगने तथा चाहित राशि अपने बैंक खाते में हस्तांतरित कराने का पता चला।

खुदाई के दौरान कुषाण कालीन शिवलिंग मिला

धर्वैडा/जींद। परीरपुर गांव में खनन के दौरान तीस फुट की गहराई में मिली पौराणिक मूर्तियों को लेकर पुरातत्व विभाग और स्थानीय प्रशासन हरकत में आ गया है। पुरातत्व विभाग के मुताबिक, खुदाई के दौरान मिली मूर्तियां भोज काल की हैं, जबकि खुदाई के दौरान मिली ईंटें कुषाण काल से संबंधित बताई जा रही हैं। पुरातत्व विभाग के अनुसार, शिवलिंग, नंदीगण और स्तंभ 8वीं या 9वीं सदी में निर्मित होती थी। इस तरह की ईंटों का निर्माण पहली सदी में किया जाता था।

13 साल की उम्र में अगवा कर कई बार रेप किया

मुंबई। मैं 13 साल की थी, जब आईएसआईएस ने मुझे अगवा किया, एक साल तक जानवरों जैसा सलूक किया गया। तीन-तीन बार आतंकियों के हाथों बेचा गया। न जाने कितनी बार यौन उत्पीड़न हुआ। दिल दहला देने वाले ये शब्द एक यजीदी बलात्कार पीड़िता के हैं, जिसने आईएसआईएस के शिकंजे से छूटने के बाद दर्दनाक दास्तां बयां की। इन महिलाओं ने कहा कि बंधक के तौर पर गुजारे गए साल को भुलाना मेरे लिए संभव नहीं है। यह जीवन भर रिसने वाला घाव है।

सड़क परिवहन कर्मी हड़ताल खत्म नहीं करेंगे

हैदराबाद। तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीएसआरटीसी) कर्मचारी संघ ने राज्य सरकार की ओर से पांच नवंबर तक ड्यूटी पर आने की तय समय सीमा को नजरअंदाज कर बुधवार को हड़ताल को खत्म करने से इनकार कर दिया। वे कर्मचारी अपनी मांगों लेकर करीब एक महीने से हड़ताल पर हैं। कर्मचारियों की संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) के नेता अश्वत्थामा रेड्डी ने पत्रकारों से कहा, कर्मचारियों को सरकार की ओर से तय सीमा का पालन करने और निजी बस संचालकों को लाने की धमकी से डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार की ओर से तय समय सीमा के जवाब में बहुत कम कर्मचारी ड्यूटी पर लौटे हैं।

आरोप पत्र दाखिल करते समय आरोपी भी मौजूद रहे

चिन्मयानंद के खिलाफ 4700 पेज का आरोपपत्र

शाहजहांपुर | हिंदुस्तान संवाद

पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वामी चिन्मयानंद मामले में दर्ज दो मुकदमों में बुधवार को एसआईटी ने शाहजहांपुर सीजीएम कोर्ट में 4700 पन्ने का आरोप पत्र दाखिल किया। आरोप पत्र दाखिल किए जाते वक्त जेल से आरोपियों को भी बुलाया गया था। इसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

सबसे पहले जेल से दुराचार के आरोपी स्वामी चिन्मयानंद को सीजीएम कोर्ट लाया गया। इसके बाद उन्हें पुनः जेल में दाखिल कर दिया गया। इसके बाद छात्रा, उसके साथी संजय, विक्रम और सचिन को सीजीएम कोर्ट लाया गया। सीजेएम कोर्ट में छात्रा और उसके साथी अलग अलग खड़े हुए थे। उन्होंने कोई बातचीत नहीं की। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया, भारी गहमागहमी रही।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित की गई एसआईटी ने शाहजहांपुर में दर्ज दो मुकदमों की विवेचना की।

55 दस्तावेजों को शामिल किया गया है आरोप पत्र में

105 लोगों के बयान लिए गए दोनों में मुकदमों में

28 नवंबर को स्थिति रिपोर्ट दाखिल करेगी एसआईटी

पीड़िता की जमानत पर सुनवाई 29 को

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने स्वामी चिन्मयानंद की बर्खास्त करने की आरोपी रेप पीड़िता की जमानत याचिका सुनवाई के लिए 29 नवंबर की तारीख लगाई है। कोर्ट ने इस जमानत अर्जी पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है।

यह आदेश न्यायमूर्ति मंजूरानी चौहान ने दिया है। बुधवार को इस मामले में स्वामी चिन्मयानंद की तरफ से जवाब दाखिल किया गया। कोर्ट को बताया गया कि मामले की जांच कर रही एसआईटी अधीनस्थ अदालत में चार्जशीट दाखिल करने जा रही है। उधर, पीड़िता के वकील का कहना था कि जांच एजेंसी शासन के दबाव में सही जांच नहीं कर रही है। यह भी कहा गया कि पीड़िता की ओर से दिली में की गई शिकायत अब तक दर्ज नहीं की गई है। कोर्ट ने जमानत याचिका पर राज्य सरकार से जवाब मांगते हुए 29 नवंबर की तारीख लगाई है।

करीब दो माह में यह विवेचना पूरी हो सकी। इसमें 105 लोगों से पूछताछ की गई और बयान दर्ज किए गए। आरोप पत्र में 55 दस्तावेजों को शामिल किया है। एसआईटी इस मामले पर 28 नवंबर को स्थिति रिपोर्ट दाखिल करेगी। गौरतलब है कि छात्रा ने अपने बयानों में कहा था किदौना जिले के मेहदीपुर में 30 अगस्त को जब पुलिस ने उसे और संजय को खोज निकाला था, उस वक्त डीपीएस गठौर और अजीत सिंह वहां पहुंच गए थे। इन पर छात्रा ने पेन ड्राइव छीन लेने का आरोप लगाया था। अजीत सिंह ने एसआईटी को दिए बयान में कहा था कि उसने पेन ड्राइव नष्ट कर दी, पर अभी 3 दिन पूर्व गठौर से हुई पूछताछ के दौरान एसआईटी को यह पता चला कि उनके पास उन वीडियो की कॉपी मौजूद है।

'नेहरू की विरासत खत्म नहीं होगी'

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय से कांग्रेस नेताओं को हटाने की निंदा की। उन्होंने बुधवार को कहा कि सरकार इस तरह के कदमों से नेहरू की विरासत को खत्म नहीं कर पाएगी।

यह दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है कि सरकार ने उदार और स्वतंत्र सोच रखने वाले उन सभी विद्वानों को हटा दिया जो नेहरू की विचारधारा में विश्वास रखते थे। केंद्र ने एनएमएमएल सोसाइटी का पुनर्गठन करते हुए उसके सदस्यों में से कांग्रेस नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे, जयराम और कर्ण सिंह को हटा दिया है और टीवी पत्रकार रजत शर्मा तथा प्रसून जोशी सहित अन्य लोगों को इसमें शामिल किया है।

फिनलैंड के विदेश मंत्री एस जयशंकर से मिले

नई दिल्ली | एजेंसी

फिनलैंड के विदेश मंत्री पेक्का हाविस्तो ने बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की। दोनों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने सहित क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की गई।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा कि दोनों नेताओं ने विविध विषयों पर व्यापक चर्चा की। कुमार ने ट्वीट किया, विदेश मंत्री एस जयशंकर की फिनलैंड के विदेश मंत्री हाविस्तो के साथ नई दिल्ली में अच्छी मुलाकात हुई। इसमें कारोबार, निवेश, स्टार्टअप, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन सहित क्षेत्रीय एवं वैश्विक विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

फिनलैंड के विदेश मंत्री ने यहां एक समारोह में कहा, हम भारत के साथ सहयोग बढ़ाने को उत्सुक हैं और आर्थिक सहयोग को विस्तार देने के रास्ते तलाश रहे हैं। हमने अफगानिस्तान की स्थिति सहित क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। हाविस्तो ने कहा कि उन्होंने युद्ध से जर्जर अफगानिस्तान की स्थिति सहित विविध मुद्दों पर व्यापक चर्चा की एवं विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने जयशंकर के साथ जर्मनी की चांसलर एंजला मर्केल की हालिया भारत यात्रा के बारे में भी चर्चा की।

बंगाल की खाड़ी में विक्षोभ गहराने से तूफान की आशंका

नुपनेटवर्क | एजेंसी

बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना विक्षोभ बुधवार को गहरे विक्षोभ में बदल गया। जल्द ही इसके चक्रवात में तब्दील होने की आशंका है।

राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि विक्षोभ गहराने से व्यापक बारिश होने का पूर्वानुमान है और ओडिशा सरकार ने राज्य के 30 में से 15 जिलों को संभावित बाढ़ की आशंका और जलजमाव को देखते हुए सचेत रहने का निर्देश दिया है। बंगाल की खाड़ी के दक्षिण पूर्व के पास और पूर्वी मध्य क्षेत्र में गहरा विक्षोभ स्थित है जो ओडिशा में गारुडीप के ≈10 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण पूर्व और पश्चिम बंगाल में सागर द्वीप के 920 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व है।

चक्रवाती तूफान 'महा' के खत्म होने का अनुमान

अहमदाबाद। गंभीर चक्रवाती तूफान 'महा' का अब गुजरात तट पर दस्तक नहीं देने की संभावना है। 'महा' का गुरुवार शाम तक कमजोर पड़कर इसके अवदाब के रूप में अरब सागर में खत्म हो जाने का अनुमान है।

रक्षा क्षमता बढ़ाने को रूस मदद करेगा

नई दिल्ली/मास्को | एजेंसी

रूस के रक्षा मंत्री जनरल सेर्गेई शोइगू ने बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को आश्वस्त किया कि रूस भारत की रक्षा क्षमता बढ़ाने, उन्नत करने और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी हासिल कराने में हर संभव मदद देगा।

रूसी रक्षा मंत्री ने भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को मास्को में सेना और सैन्य तकनीकी सहयोग पर 19वें भारत-रूस अंतरसरकारी आयोग की बैठक में यह आश्वासन दिया। दोनों रक्षा मंत्रियों ने बैठक की संयुक्त रूप से अध्यक्षता की। राजनाथ सिंह तीन दिन की यात्रा पर रूस गए हैं। जनरल शोइगू ने राजनाथ सिंह का स्वागत करते हुए भारत को विशेष सामरिक रक्षा सहयोगी करार दिया। लखनऊ में अगले वर्ष फरवरी में आयोजित होने वाली रक्षा प्रदर्शनी में रूस की विशेष भागीदारी के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए जनरल शोइगू ने कहा कि रूस की ओर से प्रदर्शनी में व्यापक हिस्सेदारी की जाएगी। दोनों रक्षा मंत्रियों ने मंगलवार को मास्को में हुए भारत रूस रक्षा उद्योग सम्मेलन के परिणामों को सार्थक बताया।

मास्को में बुधवार को रूस के रक्षा मंत्री जनरल सेर्गेई शोइगू के साथ राजनाथ सिंह।

धोखाधड़ी में छह पर आरोपपत्र दायर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस की अपराध शाखा ने दक्षिण कश्मीर भूमि धोखाधड़ी मामले में दो राजस्व अधिकारियों सहित छह लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है।

अपराध शाखा द्वारा जारी एक बयान के अनुसार पहलगाम तहसील के राजस्व अधिकारियों के खिलाफ मंगलवार को अदालत में आरोपपत्र दायर किया गया। अनंतनाग की प्रधान विशेष अदालत के विशेष अतिरिक्त न्यायाधीश के समक्ष 2010 में दर्ज यह मामला पेश किया गया। किस्तान गांव के अब्दुल खालिक की शिकायतों के आधार पर अपराध शाखा के कश्मीर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था।

गुजरात सीएम के लिए 191 करोड़ का विमान

सुविधा

अहमदाबाद | एजेंसी

गुजरात को भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री, राज्यपाल और उपमुख्यमंत्री जैसी विशिष्ट हस्तियों की यात्रा के लिए 191 करोड़ रुपये के नये विमान को आखिरकार खरीद ही लिया। इस विमान की खरीद प्रक्रिया पांच साल पहले शुरू हुई थी।

अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि दो इंजन वाला भव्य 'बंबार्डियर चैलेंजर 650' विमान अगले दो हफ्ते में मिल जाएगा। नए विमान में 12 यात्री सवार हो सकते हैं और इसकी उड़ान रेंज करीब 7,000 किलोमीटर है। यह विमान करीब 870 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से उड़ान भर सकता है। वर्तमान विमान 'बीचक्राफ्ट सुपर किंग' से बहुत अधिक है। बीचक्राफ्ट सुपर किंग विमान का इस्तेमाल पिछले 20 सालों से मुख्यमंत्री और अन्य गणमान्य हस्तियों की यात्रा के लिया किया जा रहा है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि यह विमान इस महीने के तीसरे हफ्ते में मिल जाएगा। इसकी खरीदारी से संबंधित सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं।

12 यात्रियों के साथ करीब 7,000 किमी तक उड़ सकेगा

870 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से उड़ान भरने में सक्षम

दो इंजन वाला भव्य 'बंबार्डियर चैलेंजर 650' विमान।

चिदंबरम ने कोर्ट से जमानत मांगी

नई दिल्ली। धनशोधन मामले में जेल में बंद पूर्व केन्द्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से जमानत देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि मामले में सारे सबूत दस्तावेजी हैं और जांच एजेंसियों के पास हैं। वह इसमें छेड़छाड़ नहीं कर सकते।

जस्टिस सुरेश कैत के समक्ष चिदंबरम की ओर से बताया गया कि मामले में शिकायत (आरोप पत्र) को प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत में पेश नहीं किया है। ऐसे में वह कैसे गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं, जब वह उन्हें जानते ही नहीं हैं। चिदंबरम फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद है। (क.सं.)

BLAZERS
SUITS & JACKETS
SALE
Festival & Wedding collection
upto 60% off
Formal • Casual • Party Collection
Men & Women wear
By Economy Sales: 23533218
Raymond PARK AVENUE ARROW Louis Philippe
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

XEAM VENTURES PVT LTD
नई दिल्ली में ई विन परियोजना हेतु राज्य स्टरीय भर्ती

एक्सईएएम वेंचर्स प्रा.लि. (एक एपआर एवं आईटीईएस कम्पनी) द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क (ई विन) - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और यूएनडीपी की एक परियोजना के अंतर्गत नई दिल्ली में सूचित हो रही रिक्तियों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

पद	रिक्तियों की संख्या
वरिष्ठ परियोजना अधिकारी:	1
परियोजना अधिकारी - ऑपरेशन्स:	1
परियोजना अधिकारी - सूचना प्रौद्योगिकी:	1
वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर (वीसीसीएम):	11

अधिक विवरण और आवेदन करने हेतु कृपया देखें:
www.xeamventures.com/evin

MUNJAL SHOWA
मुंजाल शोवा लिमिटेड
सीआईएन: L34101HR1985PLC020934
पंजीकृत कार्यालय एवं वर्क्स: प्लॉट न. 9-11, मारुति इंडस्ट्रियल एरिया, सैक्टर-18, गुरुग्राम-122015 (हरियाणा)
फोन: +91-124-4783000 | फैक्स: +91-124-2341359
ई-मेल: pgupta@munjalshowa.net | वेबसाइट: http://www.munjalshowa.net

30 सितम्बर, 2019 को समाप्त दूसरी तिमाही एवं अर्द्ध वर्ष हेतु अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का उद्धरण

(₹ लाखों में प्रति अंश डाटा के अतिरिक्त)

क्र. सं.	विवरण	30 सितम्बर 2019 को समाप्त तीन माह हेतु (अनअंकेक्षित)	30 सितम्बर 2019 को वर्ष से तिथि तक के अंक (अनअंकेक्षित)	30 सितम्बर 2018 को समाप्त तीन माह हेतु (अनअंकेक्षित)
1	प्रचालनों से कुल आय	35216.20	74012.94	46564.66
2	कर एवं विशिष्ट मदों के पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ	1430.61	3749.45	2714.46
3	कर पूर्व एवं विशिष्ट मद पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ	1430.61	3749.45	2714.46
4	कर पश्चात् एवं विशिष्ट मद पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ	1146.71	2719.62	1903.65
5	अवधि हेतु कुल व्यापक आय (कर पश्चात्)	1146.71	2719.62	1903.65
6	समता अंश पूँजी	799.93	799.93	799.93
7	प्रति अंश आय (₹ 2 प्रत्येक) (असाधारण मद/मदों के पश्चात्)			
	– मूलभूत (रुपये में)	2.87	6.80	4.76
	– डाइल्यूटेड (रुपये में)	2.87	6.80	4.76

टिप्पणी:
उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के पास दाखिल किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। तिमाही वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों: www.nseindia.com एवं www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट http://www.munjalshowa.net पर उपलब्ध है।

कृते एवं मंडल की ओर से
हस्ता./–
(योगेश चन्दर मुंजाल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 00003491

स्थान : गुरुग्राम
दिनांक : 6 नवम्बर, 2019

दिल्ली विकास प्राधिकरण
सार्वजनिक सूचना

दिल्ली विकास प्राधिकरण ने दिल्ली मुख्य योजना-2021 में उद्योग अध्याय-बरेलू उद्योग से संबंधित प्रस्तावित संशोधनों के संबंध में जनता से आपत्तियाँ/सुझाव आमंत्रित करने के लिए राजपत्रित अधिसूचना का.आ. 3168 (ई) दिनांक 03.09.2019 द्वारा सार्वजनिक सूचना जारी की थी और समाचार पत्रों में प्रकाशित भी की थी।

कार्यपद्धति के अनुसार 45 दिन अर्थात् 17.10.2019 तक की निर्धारित समय अवधि के अंदर प्राप्त सभी आपत्तियों/सुझावों को जाँच एवं सुनवाई बोर्ड (बी.ओ.ई.एच.) के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। बोर्ड की सुनवाई दिनांक 08.11.2019 (शुक्रवार) को प्रातः 10.30 बजे से दि.वि.प्रा. कार्यालय, सम्मेलन कक्ष, बी-ब्लॉक, मूतल, विकास सदन, आई.एन.ए. में की जाएगी।

कोई भी व्यक्ति, जिसने आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत किए हुए हैं और जो बोर्ड के समक्ष व्यक्तिगत रूप से अपना मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत करने का इच्छुक हो, वे अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए ऊपर उल्लिखित स्थान पर 08.11.2019 को प्रस्तावित कार्यक्रम, जो दिनांक 07.11.2019 को दोपहर 12.00 बजे से दि.विप्रा. की वेबसाइट अर्थात् www.dda.org.in ('लेटेस्ट लिंक्स'/'पब्लिक नोटिस' शीर्ष के अंतर्गत) पर उपलब्ध होगा, के अनुसार उपस्थित हो सकते हैं। संबंधित व्यक्तियों को उनके अभ्यावेदनों में दिए गए विवरण के अनुसार ई-मेल/एस.एम.एस. के माध्यम से भी सूचित किया जाएगा।

यदि कोई व्यक्ति, जिसने आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत किए हुए हैं, परन्तु सूची में उनका नाम शामिल नहीं है अथवा उन्हें कोई ई-मेल/एस.एम.एस. प्राप्त नहीं हुआ है, वे उक्त तिथि अर्थात् 08.11.2019 (शुक्रवार) को दोपहर 3.00 बजे के बाद बोर्ड के समक्ष अपना मौखिक प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत कर सकते हैं। सभी व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे वैध पहचान-प्रमाण साथ लेकर आएँ।

कृपया अपने सुझाव डीडीए ऐप्स पर दें
कृपया डीडीए के वेबसाइट www.dda.org.in देखें या फोन की नंबर हमारा नंबर 18001180330

Solea
WOMEN'S FOOTWEAR
By Paragon
पैरागॉन
Shop online @ paragonfootwear.com

Model No.: 7415 MRP: ₹229.00
Model No.: 7916 MRP: ₹239.00
Terms & conditions apply (2IN)